बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010
दूरभाष नं0–0612-2261250/2262265, फैक्स–0612-2261050
ई–मेल–bspcb@yahoo.com, वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक–पी.सी./पी.आर.–105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**522** पटना, दिनांकः–27.05.2019

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के लिए 'यूनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम' (UNEP) द्वारा घोषित विषय–वस्तु ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान दिनांक 25 मई, 2019 से प्रारंभ की गयी है।

आज प्रातः 6:30 बजे साइकिल रैली में शामिल छात्र–छात्राऐं राजेन्द्र नगर स्थित एन.सी.सी. मुख्यालय पर इक्कठे हुए। यहां से रैली प्रारंभ होकर प्रेमचन्द्र गोलम्बर, दिनकर गोलम्बर, आर्य कुमार रोड, बारी पथ, खजान्ची रोड,अशोक राजपथ, एन.आई.टी. मोड़ होते हुए गांधी घाट पर समाप्त हुई।

रैली में मिलर इंटर विद्यालय एवं एन.सी.सी. के करीब 150 छात्र–छात्राऐं शामिल थे। रैली में शामिल छात्र–छात्राऐं अपनी शरीर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखे आकर्षक पोस्टर लगाये हुए थे।

रैली को 1वीं बिहार आर्टिलरी रेजिमेंट, एन.सी.सी. के फ्लैग ऑफिसर डा. अरूण दयाल द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस स्थल पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित 'नुक्कड़ नाटक' ''जमाना बदलेगा'' का मंचन किया गया। जिसे वहां उपस्थित जन–सामान्य द्वारा सराहा गया। नुक्कड़ नाटक विज्येन्द्र कुमार टॉक द्वारा निर्देशित था।

उक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन पुनः कल सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे के बीच चिल्ड्रेन पार्क, एस.के. पुरी पार्क के परिसर में किया जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार
(वीरेन्द्र कुमार) 27.05.2019
जन–सम्पर्क पदाधिकारी